**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**29.12.2025/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

## मुख्य सचिव सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से विनिर्माण व व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने और भारत को वैश्विक सेवा केन्द्र बनाने का आग्रह किया है। नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत जल्द ही राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन का शुभारंभ करेगा। उन्होंने प्रत्येक राज्य से इसे शीर्ष प्राथमिकता देकर वैश्विक कंपनियों को आकृष्ट करने के लिए बुनियादी ढ़ांचा सृजित करने का आग्रह किया। विकसित भारत के लिए मानव संसाधन विषय पर तीन दिन का यह सम्मेलन इस महीने की 26 तारीख को शुरू हुआ था। भारत की जनसांख्यिकी उपलब्धि का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की लगभग 70 फीसदी आबादी कार्यशील वर्ग में है, जिससे आर्थिक प्रगति के लिए विशिष्ट अवसर उपलब्ध है। इससे विकसित भारत की ओर देश की यात्रा को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेड इन इंडिया लेबल को उत्कृष्टता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का प्रतीक बनाना होगा।

.......................................................................

## हड़ताल समाप्त

आईजीएमसी शिमला के रेजिडेंट डॉक्टरों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त कर दी है। इससे प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों, जिला व क्षेत्रीय अस्पतालों, सीएचसी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत डॉक्टर आज से ओपीडी सेवाओं पर लौट आए हैं। अब रूटीन जांच, टेस्ट और ऑपरेशन भी सुचारू रूप से हो सकेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आह्वान पर हड़ताल समाप्त की गई है। रेज़िडेंड डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सोहेल शर्मा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की।

उधर सोलन के क्षेत्रीय अस्पताल में भी हड़ताल समाप्त होने पर मरीजों ने राहत की सांस ली है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश पंवर ने बताया कि ओपीडी सुचारू रूप से चल रही हैं और अब रूटीन के ऑपरेशन भी करवाए जाएंगे।

.......................................................................

## विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) – विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम के तहत अधिकांश राज्यों को पिछले सात वर्षों के औसत आवंटन की तुलना में 17 हजार करोड़ रुपये अधिक आवंटित होने की संभावना है। इस अधिनियम ने 20 साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 का स्थान लिया है। भारतीय स्टेट बैंक की एक शोध रिपोर्ट के अनुसार अधिनियम से राज्यों को समग्र धन वितरण में सुधार होगा। पेश है ये रिपोर्ट–

.....................................................................

**पर्यटक**

नववर्ष का जश्न मनाने के लिए राज्य के पर्यटक स्थल सैलानियों से गुलजार हो गए हैं। पर्यटन कारोबारियों के अनुसार राज्य में 80 फीसदी तक होटलों की कमरों की बुकिंग हो चुकी है। होटलों के अलावा होम स्टे और गेस्ट हाउस में भी सैलानी बुकिंग कर रहे हैं। शिमला सहित मनाली, डलहौजी, किन्नौर और लाहौल–स्पीति में कमरों की बुकिंग हो रही है। शिमला और मनाली के लिए दिल्ली से चलने वाली टूरिस्ट वोल्वों की संख्या भी दोगुनी हो गई है। शिमला शहर के मालरोड और रिज मैदान पर इन दिनों पर्यटकों की खासी भीड़ उमड़ रही है।

पर्यटकों की भारी आमद नए साल और विंटर कार्निवल को देखते हुए शिमला शहर में कानून और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने के मकसद से पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं।

.....................................................................